कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल
Employees' State Insurance Corporation Hospital
) श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार (
Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
झिलमिल Jhilmil, दिल्ली Delhi – 110095
दूरभाष/Tele : 011-22152197, 22144804, फ़ैक्स/Fax : 011-22167518
ई-मेल/Email : ms-jhilmildelhi@esic.nic.in वेबसाइट/Website www.esic.nic.in

ESIC Chinta Se Mukti

No.MS/IGESIH/Jhilmil/Misc.I/Circular/2020 ***Dated :01.04.2020***

प्रेस विज्ञप्ति

यह विज्ञप्ति पंजाब केसरी में दिनांक 27/03/2020 द्वारा कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल, विवेक विहार, झिलमिल संबंधी रिपोर्ट के संबंध में स्पष्टीकरण, सूचना व जानकारी एवं प्रकाशन हेतु प्रेषित की जा रही है :-

- अस्पताल के मरीजों एवं कर्मियों की सुरक्षा के प्रति अस्पताल प्रशासन दृढ़संकल्पित है एवं हर जरूरी सुविधा मुहैया करवा रहा है।
- ट्रिपल लेयर वाले सर्जिकल मास्क और दस्ताने प्रतिदिन डॉक्टरों, परा-चिकित्सीय, नर्सिंग स्टाफ, हाउसकीपिंग एवं सिक्यूरिटी गार्डों को वितरित किए जा रहें हैं।
- हर महत्वपूर्ण स्थान पर अस्पताल के मरीजों एवं कर्मियों के लिए सैनिटाइजर, साबुन और पानी की पर्याप्त व्यवस्था की गई है।
- अस्पताल के दरवाजों, कुसिर्यों, टेबल एवं बार-बार छुए जाने वाले वस्तुओं को समय सयम पर सैनिटाइज किया जा रहा है।
- हाउस कीपिंग एवं सिक्यूरिटी से जुड़े हुए स्टाफ के संक्रमण पर भी प्रशासन सजग है एवं उनकी एंजेसियों को भी स्पष्ट आदेश है कि हमारे अस्पताल से मिलने वाली सुविधाओं के अलावा भी उनका ध्यान रखें।
- मरीजों की चिकित्सीय देखभाल करने का कार्य अस्पताल के चिकित्सा एवं परा-चिकित्सीय स्टाफ की जिम्मेदारी है।
- ज्ञातव्य है कि दिनांक 16/03/2020 को अस्पताल में आए एक मरीज को शुरूआती लक्षण के आधार पर कोरोना की जांच हेतु आर.एम.एल. अस्पताल, दिल्ली में तुरंत रेफर कर दिया गया, जहाँ पर वह कोरोना पॉजिटीव पाई गईं। उनके उपचार से जुड़े हुए अस्पताल के सभी 11 स्टाफ जिसमें डॉक्टर, परा-चिकित्सीय, नर्सिंग और सिक्यूरिटी गार्ड शामिल है, उनसभी को तुरंत सेल्फ क्वैरनटाइन हेतु भेज दिया गया है। अस्पताल प्रशासन सभी के संपर्क में है और वे सभी स्वस्थ अवस्था में है।

समाचार पत्र (मीडिया) से आग्रह है कि अस्पताल एवं अस्पताल प्रशासन को सहयोग करके उनको अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में सहायता करें।